वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

कुलसचिव कार्यालय

कार्यसूची विवरण

विद्या परिषद
की
27वीं बैठक दिनॉक 29 मई 2006
से
31वीं बैठक दि0 19 अप्रेल 2007 तक

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

कार्यवाही विवरण

विद्या परिषद की 27वीं आपात बैठक

दिनांक 29.05.2006 सोमवार प्रातः 10.30 बजे

:स्थानः
ई.एम.पी.सी. भवन, विश्वविद्यालय परिसर
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,
कोटा ।

अनुक्रमणिका

विद्या परिषद की बैठक संख्या	दिनॉक	पृष्ठ संख्या (पृष्ठ के उपर की ओर अंकित)
27	29 मई 2006	01–11
28	04 दिसंबर 2006	12–20
29	05 मार्च 2007	21–27
30	16 अप्रेल 2007	38–73
31	19 अप्रेल 2007	74–78

विद्या परिषद की 27वीं आपात बैठक दिनॉक 29/5/06 को प्रातः 10.30 विश्वविद्यालय परिसर स्थित ई0एम0पी0सी0 भवन मे आयोजित की गई बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:–

1.	डा0आर0वी0व्यास कुलपति वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।	अध्यक्ष
2.	प्रो0एम0डी0अग्रवाल आचार्य, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।	सदस्य
3.	प्रो0पी0के0शर्मा आचार्य वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।	सदस्य
4.	प्रो0अनाम जेटली आचार्य वर्धमानं महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।	सदस्य
5.	प्रो0एम0के0घड़ोलिया आचार्य वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।	सदस्य
6.	डा0 एस0एन0अंबेडकर निदेशक,क्षे0के0 वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,अजमेर।	सदस्य
7.	डा0श्रीमती शिप्रा लवानिया निदेशक,क्षे0के0 वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,जोधपुर।	सदस्य
8.	डा0एल0आर0गुर्जर सह आचार्य वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।	सदस्य
9.	डा0जे0के0शर्मा सह आचार्य वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।	सदस्य
10.	डा0श्रीमती दामिना चौधरी सह आचार्य वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।	सदस्य
11.	डा0श्रीमती कमलेश शर्मा सह आचार्य वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।	सदस्य

12. डा0 अशोक शर्मा
सह आचार्य
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — सदस्य

13. डा0याकुब अली खान
सह आचार्य
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — सदस्य

14. डा0एच0बी0नंदवाना
सह आचार्य
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — सदस्य

15. डा0आर0के0जैन
सहा0आचार्य
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — सदस्य

16. श्री योगेश शर्मा
सहा0आचार्य
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — सदस्य

17. श्री सुधीर खैर
सहा0आचार्य
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — सदस्य

18. श्री राकेश शर्मा
सहा0आचार्य
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — सदस्य

19. निदेशक
मानविकी एवं सामा0विद्यापीठ
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — विशेष आमंत्रित

20. निदेशक
सतत् शिक्षा विद्यापीठ
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — विशेष आमंत्रित

21. निदेशक
वाणिजय एवं प्रबांध विद्यापीठ
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — विशेष आमंत्रित

22. निदेशक
विज्ञान एवं तक0विद्यापीठ
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — विशेष आमंत्रित

23. निदेशक क्षे0सेवाएँ
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा । — विशेष आमंत्रित

निम्नलिखित सदस्यगणों की बैठक में सहभागिता अपरिहार्य कारणों से संभव नहीं हो सकी:–

1. आयुक्त
   कालेज शिक्षा,राज0सरकार,जयपुर ।

2. प्रो0बी0एस0सारस्वत
   इंदिरा गॉधी रा0मु0वि0वि0,नई दिल्ली ।

3. परीक्षा नियंत्रक
   वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।

आवश्यक गणापूर्ति के पश्चात् बैठक प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय द्वारा विद्या परिषद की बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि विद्या परिषद की बैठक अपरिहार्य कारणों से समय पर आयोजित नहीं हो सकी तथा निकट भविष्य में विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षान्त समारोह आयोजित किया जाना है इस कारण उक्त आपात बैठक आहूत की गई है ।

माननीय कुलपति महोदय ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को जानकारी देते हुए अवगत कराया कि इस विश्वविद्यालय में छात्रों की सदस्य संख्या में प्रति वर्ष औसतन 2000 छात्रों की वृद्वि हो रही है,साथ ही विश्वविद्यालय की आय में भी उतरोत्तर वृद्वि हो रही है।माननीय कुलपति महोदय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2005–06 के लिये आय के लक्ष्य 380 लाख के विरूद्ध 467 लाख की आय अर्जित हुई है।जो कि लक्ष्य से 87 लाख रूपये अधिक एवं वित्तिय वर्ष 2004–05 में प्राप्त आय 391 लाख से लगभग 76 लाख रूपये अधिक है। कुलपति महोदय ने यह भी अवगत कराया कि इस विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों को देश के अन्य खुले विश्वविद्यालयों यथा नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय(बिहार),राजऋषि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय (उत्तर प्रदेश), एवं पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय (छत्तीसगढ), द्वारा लिया गया है। इसके अलावा राज्य में स्थित विभिन्न शैक्षिक एवं तकनीकी संस्थाएं विश्वविद्यालय के साथ जुडने की इंच्छुक है,जिससे विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम छात्र उपयोगी होने के संकेत मिलते हैं।

कुलपति महोदय ने यह भी अवगत कराया कि राज्य सरकार से आयोजना भिन्न मद में वेतन एवं भत्तों आदि के संबध में जो अनुदान प्राप्त होता है वह विश्वविद्यालय की आवश्यकता के अनुरूप बहुत कम है। विश्वविद्यालय को 2004–05 में वेतन भत्तों पर 70 से 80 लाख रूपये तथा वर्ष 2005–06 में 115 लाख रूपये स्वंय के स्रोतों द्वारा व्यय करना पड़ा है।इस पर विद्या परिषद के सभी सदस्यों का मत था कि वेतन भत्ते की मद की पूर्ण राशि का पुर्नभरण राज्य सरकार द्वारा किये जाने हेतु निवेदन किया जाना चाहिये ।

कुलपति महोदय के उद्बोदन के पश्चात् प्रो0 एम0 डी0 अग्रवाल द्वारा विश्वविद्यालय की छात्र संख्या बढाये जाने के संबध में सुझाव दिया गया कि नेशनल ओपन स्कूल व राज्य ओपन स्कूल से दूरस्थ शिक्षा के आधार सैकण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को विश्वविद्यालय की ओर से नामजद पत्र प्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिये,ताकि उक्त छात्रों को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों की जानकारी प्राप्त हो सके तथा विश्वविद्यालय की छात्र सख्या में वृद्धि हो

सके।माननीय कुलपति महोदय ने उक्त सुझाव पर कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया।तत्पश्चात् कार्यसूचि के बिंदुओं पर बिंदुवार चर्चा प्रारंभ कर निम्नानुसार निर्णय किये गये:–

27/01 तृतीय दीक्षान्त समारोह हेतु तिथि निर्धारण किया जाना प्रस्तावित है ।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा तृतीय दीक्षान्त समारोह के संबध में अवगत करवाया कि विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह माह मई अथवा जून में आयोजित करवाना चाह रहा था,किंतु मौसम की प्रतिकूलता के कारण दीक्षान्त समारोह माह सिंतबर अथवा अक्टूबर में किया जाना अधिक अनुकूल प्रतीत होता है।इस पर विद्या परिषद के सदस्यों द्वारा तृतीय दीक्षान्त समारोह सितंबर माह के अंतिम सप्ताह अथवा अक्टूर माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित किये जाने हेतु सर्वसम्मति प्रकट करते हुए दीक्षान्त समारोह हेतु तिथि का निर्धारण महामहिम राज्यपाल महोदया से विचार विमर्श कर निश्चित करने हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

27/02 दीक्षान्त समारोह हेतु मुख्य अतिथि के नाम के चयन संबधी प्रस्ताव ।

इस संबध में विद्या परिषद को अवगत करवाया गया कि तृतीय दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति महोदया द्वारा अधिनियम के प्रावधानानुसार की जावेगी, विद्या परिषद द्वारा सर्वसम्मति से यह भी निर्णय किया गया कि मुख्य अतिथि के रूप में भारत के महामहिम राष्ट्रपति अथवा महामहिम उपराष्ट्रपति महोदय को आमंत्रित किया जाय तथा इन्हें निमंत्रण पत्र प्रेषित किये जाने हेतु विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं राज्य की महामहिम राज्यपाल महोदया से निवेदन किया जाय।

यदि किसी कारणवश उपरोक्त दानों महामहिमों की उपस्थिति संभव नहीं हो सकें तो कुलपति महोदय को महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति महोदया से विचार विमर्श कर इस संबध में निर्णय करने हेतु अधिकृत किया गया

27/03 मानद उपाधि दिये जाने हेतु नाम निर्धारण का प्रस्ताव ।

उक्त बिंदु के संबध के संबध में विस्तृत विचार विमर्श के बाद कुलपति महोदय द्वारा सर जॉन डेनियल,प्रो0 एम0डी0अग्रवाल द्वारा प्रो0वी0एस0प्रसाद तथा डा0 अशोक शर्मा द्वारा प्रो0 वी0आर0 महता का नाम मानद उपाधि दिये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया जिस पर विद्या परिषद द्वारा उक्त तीनों नामों पर अपनी सहमति प्रकट करते हुए स्टेच्युट्स के प्रावधानानुसार प्रकरण प्रबंध मंडल के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय किया गया तथा प्रबंध मंडल के निर्णय के बाद मानद उपाधि दिये जाने हेतु विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं महामहिम राज्यपाल महोदया से विचार विमर्श कर अंतिम निर्णय किये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय का अधिकृत किया गया ।

04

27/04 तृतीय दीक्षान्त समारोह आयेजित करने बाबत् प्रस्ताव अवलोकनार्थ ।

छात्रों को उपाधि वितरित किये जाने हेतु परीक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत सूची का अवलोकन किया जाकर डिग्री एवं डिप्लोमा के योग्य छात्रों को दीक्षा कार्यक्रम के अनुसार उपाधि प्रदान किये जाने का निर्णय किया ।

27/5 दिसंबर 2001 से जून 2002 तक उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी जाने वाली उपाधि में विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन संबधी सूचना की मोहर लगाकर दिये जाने बाबत् प्रस्ताव।

विद्या परिषद द्वारा विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तन होने के कारण छात्रों की सुविधा हेतु उपाधि के पीछे लगाई जाने वाली निम्न मोहर :–

"Name of the University has been changed as "Vardhaman Mahaveer Open University Kota"Vide University Notificaiton No.VMOU/SNo. 2002/1316 Dated.30/11/2002

Dated. Of issue of Degree.....

Signature

Assistant.Registrar(Degree)

का अनुमोदन किया गया ।

27/6 विश्वविद्यालय के नाम परिवर्तन के उपरान्त जारी की जाने वाली उपाधियों में नवीन नाम छपवाने व हिन्दी व अग्रजी संस्करणों में उपाधि दिये जाने की अनुमति बाबत् प्रस्ताव अनुमोदनार्थ ।

विद्या परिषद द्वारा नाम परिवर्तन उपरान्त जारी की जाने वाली उपाधियों में नवीन नाम छपवाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया तथा हिन्दी व अंग्रजी संस्करण के प्रारूप के संबध में निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति गठित किये जाने का निर्णय किया गया:–

1. प्रो0पी0के0शर्मा
2. प्रो0 एम0के0घड़ोलिया
3. प्रो0 अनाम जेटली
4. परीक्षा नियंत्रक

27/07 विश्वविद्यालय द्वारा जारी उपाधियों की साइज में संशोधन संबधी प्रस्ताव अवलोकन एवं अनुमादनार्थ ।

विद्या परिषद द्वारा तकनीकी कारणों से मुद्रण में आ रही कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए कमेटी द्वारा प्रस्तावित A-3 के स्थान पर A-4 साइज की उपाधियॉ मुद्रित करवाने की अनुमति प्रदान की ।

27/08 विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की उपाधियों में ग्रेड अंकन व अन्य संशोधन संबधी प्रस्ताव अवलोकन एवं अनुमोदनार्थ।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये जाने वाली विभिन्न उपाधियों के प्रारूप में एक रूपता बनाये रखने तथा अन्य त्रुटियों का दुरस्त करने के संबंध में निर्णय संख्या 27/6 में गठित समिति को ही उक्त संबंध में विचार विमर्श करने हेतु अधिकृत किया गया।

उक्त समिति एक सप्ताह में उपाधियों के प्रारूप में आवश्यक संशोधन कर विश्वविद्यालय द्वारा जारी की जाने वाली समस्त पाठ्यक्रमों की उपाधियों के प्रारूप तैयार कर माननीय कुलपति महोदय को प्रस्तुत करेगी जिस पर कुलपति महोदय द्वारा अंतिम निर्णय किया जावेगा ।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा उपाधियों पर किये जाने वाले हस्ताक्षरों के संबध में इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में प्रचलित परंपरा के आधार पर प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव के संबध में यह निर्णय किया गया कि शोध कार्य हेतु दी जाने वाली उपाधियों पर कुलपति महोदय द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे तथा स्नातकोत्तर व स्नातक उपाधि एवं डिप्लोमा पर कुलसचिव के मैन्युअल हस्ताक्षर व कुलपति महोदय के कप्युटर से स्कैन किये हुए हस्ताक्षर किये जावेंगे।विद्या परिषद के सदस्यों का यह भी मत था कि किसी भी स्थिति में हस्ताक्षरों की मोहर का उपयोग उपाधियों पर नहीं किया जाना चाहिये ।प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमं के संबध में निर्णय किया गया कि पाठ्यक्रम पूर्ण किये जाने पर जारी किये प्रमाण पत्रों पर परीक्षा नियंत्रक की अनुशंसा पर कुलसचिव द्वारा हस्ताक्षर किये जावेंगे ।

कुलपति महोदय द्वारा दीक्षान्त समारोह के दौरान विभिन्न परीक्षाओं में अव्वल रहे छात्रों को स्वर्ण पदक दिये जाने के संबंध मे गठित समिति की, दि0 22/4/06 को आयोजित बैठक का कार्यवाही विवरण विद्या परिषद के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया, जिसे सदस्यों द्वारा विचार विमर्श कर अनुमोदित करते हुए समिति द्वारा की गई अुनशंसाओं के अनुसार ही कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किये।

27/09 प्रबंध पाठ्यक्रमों हेतु दी जाने वाली उपाधियों के संबध में विषय प्रभारी की कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित टिप्पणी अवलोकन एवं अनुमोदनार्थ ।

प्रबंध पाठ्यक्रमों हेतु दी जाने वाली उपाधियों के संबध में विषय प्रभारी द्वारा माननीय कुलपति महोदय को प्रस्तुत प्रस्ताव का विद्या परिषद के सदस्यों ने अवलोकन कर निर्णय किया कि जिन छात्रों का प्रवेश एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में किया गया है,उन्हें ही एम0बी0ए0 की उपाधि देय होगी।यदि छात्र द्वारा पी0जी0डी0एच0आर0एम0/एम0एम0/एफ0एम0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जाता है, तो विद्यार्थी को संबधित विषय का डिप्लोमा ही देय होगा न कि प्रचलित परंपरा के अनुसार प्रबंध के विषय का विशिष्ट डिप्लोमा।परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव का माननीय कुलपति महोदय द्वारा दि0 30/11/05 को किये गये अनुमोदन को स्वीकृति प्रदान करते हुए इस संबध में अलग से कार्यालय आदेश जारी किये जाने के निर्देश दिये ।

27/10 नवीन पाठ्यक्रमों की उपाधियों के प्रारूप अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

नवीन पाठ्यक्रम की उपाधियों के प्रारूप अनुमोदन के संबध में विद्या परिषद के सदस्यों द्वारा उक्त प्रकरण, निर्णय सं0 06 के कम में गठित समिति को ही सौंपे जाने का निर्णय किया गया ।

27/11 दीक्षा कार्यक्रम का अनुमोदन।

दीक्षा कार्यक्रम के अनुमोदन से पूर्व माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद के सदस्यों को अवगत कराते हुएं बताया कि माननीय सदस्यों के समक्ष जो दीक्षा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गंया है उसमें मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ में शोध कार्य करने वाले छात्रों की संख्या 26 बताई गई है,उसमें डा0 करण सिंह, पूर्व सह आचार्य के निर्देशन में शोध कार्य करने वाले 05 छात्र भी सम्मिलित है,शोध कार्यो में नकल करवाने,अनियमितता बरतने एवं अन्य आरोपों के कारण डा0 करण सिंह को विश्वविद्यालय सेवा से हटा दिया गया है,तथा प्रबंध मंडल की 62वीं बैठक के निर्णय सं0 62/3(3)की पालना में डा0 सिंह के अधीन किये गये समस्त शोध कार्यो की जॉच विश्वविद्यालय स्तर पर विचाराधीन है इस कारण जॉच पूर्ण होने तक डा0 सिंह के अधीन किये गय 05 शोध कार्यो का ग्रेस पास किया जाना उचित नहीं है।कुलपति महादय के उक्त वक्तव्य पर विद्या परिषद के समस्त सदस्यों द्वारा सहमति जताते हुए निर्णय किया गया कि ऐसे छात्रों के संबध में अंतिम निर्णय के बाद ही उक्त छात्रों को उपाधि प्रदान करने हेतु ग्रेस पास किया जाना उचित होगा शेष छात्रों को संलग्न दीक्षा कार्यक्रम के अनुसार उपाधि दिये जाने का निर्णय किया गया।

इसके पश्चात् कार्यसूची विवरण के बिंदु संख्या दो के संबध में समस्त सदस्यों का मत था कि विद्या परिषद की यह आपात बैठक होने के कारण इसमें उपाधि के अतिरिक्त किसी अन्य बिंदु पर चर्चा किया जाना उचित नहीं है,इसलिये उक्त बिदु को विद्या परिषद की आगामी नियमित बैठक के दौरान प्रस्तुत किया जाना चाहिये,कुलपति महोदय द्वारा सदस्यगणों के उक्त विचार को स्वीकार करते हुए विद्या परिषद को अवगत करवाया कि आगामी बैठक माह जून के अंतिम सप्ताह में आहूत किये जाने के प्रयास किये जायेंगे ।

उक्त कार्यवाही के पश्चात् बैठक आसन के प्रति धन्यावाद ज्ञापन के साथ समाप्त घोषित की गई ।

कुलसचिव एवं
सदस्य सचिव विद्या परिषद।

अनुमोदनार्थ ।

माननीय कुलपति महोदय

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा ।

दीक्षा कार्यक्रम 2006

कुलसचिव — कुलपति महोदय क्या आपकी अनुमति है कि दीक्षा कार्यक्रम प्रारंभ किया जावे।

कुलपति — मेरी अनुमति है।

कुलसचिव — कुलपति महोदय की अनुमति से में इस दीक्षा कार्यक्रम के प्रारंभ होने की घोषणा करता हूँ ।

(इसके उपरांत कुलसचिव बैठकर, पुनः खडे होकर निम्न वाक्य पढेंगे):–

1. मै निदेशक मान0एवं सामा0विद्यापीठ से निवेदन करता हूँ कि वे उनकी विद्या परिषद से प्रार्थना करें कि संबधित विषयों के कुल 3648 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने की अनुमति दें।
2. मै निदेशक सतत शिक्षा विद्यापीठ से निवेदन करता हूँ कि वे विद्या परिषद से प्रार्थना करें कि संबधित विषयों के कुल विद्यार्थियों 5270 को उपाधि प्रदान करने की अनुमति दें।
3. मै निदेशक वाणिज्य एवं प्रबंध विद्यापीठ से निवेदन करता हूँ कि वे विद्या परिषद से प्रार्थना करें कि संबधित विषयों के कुल 691 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने की अनुमति दें।
4. मै निदेशक विज्ञान एवं तक0विद्यापीठ से निवेदन करता हूँ कि वे विद्या परिषद से प्रार्थना करें कि संबधित विषयों के कुल 093 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान
   करने की अनुमति दें।

निदेशक समस्त विद्यापीठों द्वारा उपरोक्त कमानुसार खडे होकर कुलपति को संबोधित करते हुए निम्ननानुसार निवेदन करेंगे:–

निवेदन है कि मानविकी एवं सामा0/सतत शिक्षा/वाणिज्य एवं प्रबंध/विज्ञान एवं तक0 विद्यापीठ से संबधित निम्न पाठयक्रमों के सामने उल्लेखित छात्र संख्या जिनकी परीक्षाऐं दिसंबर –2001 से दिसबर–2005 (पी0एच0डी0हेतु उक्त अवधि 8/3/02 से 28/5/06 तक है) की अवधि में आयोजित की गई थी उक्त उपाधि हेतु योग्य प्रमाणित हुए है:–

मानविकी एवं सामा0विद्यापीठ:–

1.	पी.एच.डी.	25
2.	इतिहास में स्नातकोत्तर	496
3.	अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर	197
4.	राज0विज्ञान में स्नातकोत्तर	567
5.	हिन्दी में स्नातकोत्तर	240
6.	कला स्नातक	2025
7.	डी0सी0सी0टी0	97
	कुल	3647

सतत् शिक्षा विद्यापीठः–

1.	पी.एच.डी.	015
2.	पत्रकारिता (जनसंचार)में स्नातकोत्तर	207
3.	शिक्षा में स्नातकोत्तर	015
4.	शिक्षा में स्नातक	1894
5.	पत्रकारिता (जनसंचार)में स्नातक	1791
6.	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक	511
7.	श्रम कानून,औद्यागिक संबध एवं कार्मिक प्रबंध में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।	353
8.	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में डिप्लोमा	366
9.	स्वास्थ शिक्षा एवं पोषण में डिप्लोमा	121
	कुल	5273

वाणिज्य एवं प्रबंध विद्यापीठ :–

1.	पी.एच.डी.	017
2.	एम0बी0ए0	041
3.	वाणिज्य में स्नातक	059
4.	पीजीडीआईएम0	062
5.	एसडीएम0	140
6.	डीआईएम0	002
7	होटल प्रबंध एवं पर्यटन में डिप्लो	298
8.	आई0 एम0	078
	कुल	697

विज्ञान एवं तक0 विद्यापीठः–

1.	पी.एच.डी.	01
2.	डीसीओ0	92
	कुल	93

मेरी प्रार्थना है कि विद्या परिषद अनुमति दें कि उक्त छात्रों को उपाधि प्रदान की जाय ।

कुलपति — क्या विद्या परिषद इस प्रस्ताव को अनुमति प्रदान करती है ।

विद्या परिषद के सदस्यों द्वारा उच्चारणः– — अवश्य अनुमति प्रदान की जावे।

विद्या परिषद की अनुमति पर कुछ ठहर कर कहना ।

कुलपति — उक्त छात्रों को उपाधि धारण करने की स्वीकृति दी जाती है ।
(The grace is passed)
समस्त छात्रों के उपाधि धारण करने की स्वीकृति के पश्चात।

कुलसचिव — कुलपति महोदय क्या आपकी आज्ञा है कि दीक्षा समारोह का विसर्जन किया जाये।

कुलपति — मेरी अनुमति है ।

कुलसचिव — दीक्षा समारोह अब विसर्जित होता है ।

विद्या परिषद की 28 बैठक दिनॉक 4/12/06 को ई0एम0पी0सी0भवन में आयोजित की गई बैठक में निम्नलिखित सदस्यो ने भाग लियाः–

1. प्रो0 नरेश दाधीच — अध्यक्ष
   कुलपति
   वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।

2. प्रो0 बी0एस0 सारस्वत — सदस्य
   इंदिरा गॉधी रा0मु0वि0वि0,नई दिल्ली।

3. प्रो0 एम0डी0 अग्रवाल — सदस्य
   वमखुविवि,कोटा ।

4. प्रो0 पी0के0शर्मा — सदस्य
   वमखुविवि,कोटा ।

5. प्रो0 अनाम जेटली — सदस्य
   वमखुविवि,कोटा ।

6. प्रो0 एम0के0घड़ोलिया — सदस्य
   वमखुविवि,कोटा ।

7. डा0 श्रीमति कमलेश शर्मा — सदस्य
   वमखुविवि,कोटा ।

8. डा0 एल0आर0गुर्जर — सदस्य
   वमखुविवि,कोट।

9. डा0 श्रीमति दामिना चौधरी — सदस्य
   वमखुविवि,कोटा।

10. श्री योगेश शर्मा — सदस्य
    वमखुविवि,कोटा ।

11. श्री जुगल किशोर शर्मा — सदस्य
    वमखुविवि,कोटा ।

12. डा0 अशोक शर्मा — सदस्य
    वमखुविवि,कोटा ।

13, डा0 याकुब अली — सदस्य
    वमखुविवि,कोटा ।

14. डा0 एच0बी0नंदवाना — सदस्य
    वमखुविवि,कोटा ।

15. श्री राकेश शर्मा वमखुविवि,कोटा ।	सदस्य
16 डा0 आर0के0जैन वमखुविवि,कोटा ।	सदस्य
17. श्री सुधीर खैर वमखुविवि,कोटा ।	सदस्य
18. डा0 श्रीमति शिप्रा लवानिया निदेशक,क्षे0के0 वमखुविवि,,जोधपुर ।	सदस्य
19. श्री एस0जी0शर्मा परीक्षा नियंत्रक वमखुविवि,कोटा ।	विशेष आमंत्रित
20. श्री एस0एम0वर्मा कुलसचिव वमखुविवि,कोटा।	सदस्य सचिव

आयुक्त कालेज शिक्षा राजस्थान सरकार एवं डा0 एस0 एन0 अंबेडकर निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र अजमेर की बैठक में सहभागिता संभव नहीं हो सकी।

आवश्यक गणापूर्ति के पश्चात् माननीय कुलपति महोदय द्वारा विद्या परिषद के सदस्यों का स्वागत करते हुए अवगत करवाया गया कि उन्होंने विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर दिनॉक 11/10/2006 कार्यभार ग्रहण किया है तत्पश्चात माननीय कुलपति महोदय द्वारा विद्या परिषद के सदस्यों का परिचय प्राप्त करते हुए इंदिरा गॉधी रा0 मु0वि0वि0 से पधारे प्रो0 बी0एस0सारस्वत को विद्या परिषद के सदस्यों से परिचय करवाया गया।

कुलपति महोदय द्वारा विद्या परिषद के सदस्यों को बताया कि विद्या परिषद की गत बैठक दिनॉक 31/1/04 को आयोजित की गई थी उसके पश्चात परिषद की आपात बैठक 29/5/06 को आयोजित की गई थी, उक्त दोनों बैठकों के कार्यवाही विवरण सुलभ संदर्भ हेतु कार्यसूचि विवरण के साथ संलग्न किये गये है।माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालयों में विद्या परिषद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अवगत करवाया गया कि विद्या परिषद एक महत्वपूण वैद्यानिक निकाय है जिसके द्वारा लिये गये निर्णयों द्वारा यह निर्णित किया जाता है कि विद्यार्थीयों को ज्ञान किस प्रकार उपलब्ध करवाया जावे, इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण विषयों पर विद्वजनों के विचार विमर्श के उपरॉत विद्या परिषद में सामुहिक रूप से लिये जाने वाले निर्णयों की विश्वविद्यालय के विकास में महत्ती भुमिका होती है। विद्या परिषद की महत्वता को देखते हुए माननीय कुलपति महोदय द्वारा अवगत करवाया गया कि पिछले दो वर्षो से अपरिहार्य कारणों से विद्या परिषद की बैठकें समय पर आयोजित नहीं हो सकी है भविष्य में वर्ष में दो बार जनवरी एवं जुलाई में विद्या परिषद की बैठकें आवश्यक रूप से आयोजित की जावेंगी तथा महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होने की स्थिति में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बैठकें भी समय समय पर आयोजित की जावेंगी। माननीय कुलपति महोदय के

उद्भोदन के बाद विद्या परिषद की बैठक हेतु प्रस्तुत कार्यसूचि विवरण पर बिंदुवार चर्चा प्रारंभ कर निम्नानुसार निर्णय लिये गये:–

28/1 विद्या परिषद की 26 वीं बैठक दिनॉक 31/1/04 एवं 27वीं बैठक दिनॉक 29/5/06 के कार्यवाही विवरण को अनुमोदन।

विद्या परिषद की 26वीं बैठक कार्यवाही विवरण के अनुमोदन के दौरान निर्णय संख्या 26/3 के तहत निर्णय किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश संम्बन्धी जो भी समंस्याऐं है उनके सम्बन्ध में एक समिति प्रो0 एम0डी0 अग्रवाल के संयोजक्तव में गठित किये जाने का निर्णय लिया गया जिसमें निदेशक क्षे0के0 कोटा,दामिना चौधरी,सह आचार्य, सुधीर खैर,सहायक आचार्य एवं उपकुलसचिव प्रवेश को सम्मिलित किया गया, शेष अनुपालना प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया। तथा 27वीं बैठक के निर्णय संख्या 27/2 में मानद उपाधि के स्थान पर डी0लिट0 की मानद उपाधि दिये जाने के संशोधन के साथ शेष कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

28/2 विद्या परिषद में तीन शिक्षाविद्वों के मानोनयन बाबत् प्रस्ताव।

उक्त प्रस्ताव पर चर्चा उपरॉत विद्या परिषद में सदस्यों के मनोनयन हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

28/3 पुस्तकालय समिति में विद्या परिषद के एक सदस्य को मनोनीत करने बाबत प्रस्ताव।

पुस्ताकालय समिति में सदस्य के मानोनयक हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

28/4 शोध नियमों में स्पष्टता सम्बन्धी प्रस्ताव।

शोध नियमों के सम्बन्ध में माननीय कुलपति महोदय द्वारा अतगत करवाया गया कि विश्वविद्यालय में प्रचलित शोध नियमों का अध्ययन कर विस्तृत प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जावेगा।कुलपति महोदय के उक्त आशवासन के पश्चात् प्रस्ताव को स्थगित किया गया।

28/5 इंदिरा गॉधी रा0 मु0 विश्वविद्यालयों एवं अन्य विश्वविद्यालयों से पाठ्यक्रम आयात करने की नीति निर्धारण किये जाने बाबत् प्रस्ताव।

उक्त बिंदु पर चर्चा के उपरॉत निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

1. इंदिरा गॉधी रा0मु0वि0वि0 व अन्य विश्वविद्यालयों से पाठ्यक्रम आयात करने व इस विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम अन्य विश्वविद्यालयों को निर्यात करने के लिये नीति निर्धारित करने एवं एम0ओ0 यु0 की शर्ते तय किये जाने के लिये एक समिति गठित किये जाने हेतु ` माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। सैद्वानतिक रूप से यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त समिति में विश्वविद्यालय में कार्यरत चारो आचार्य एवं इग्नो के कुलपति महोदय के प्रतिनिधि विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रतिनिधि, प्रमुख शासन सचिव उच्च शिक्षा के प्रतिनिधि व इंटेलेकच्युअल प्रोपरटी राइट के वकील सम्बन्धित विषय विशेषज्ञ को रखे जाने का निर्णय लिया गया।एजेंडा के द्वितीय बिंदुं यथा पाठ्यक्रमों के आयात निर्यात सम्बन्धी कार्य किस विभाग द्वारा किया जावेगा तथा रायल्टी का भुगतान किस

विभाग व किस मद से किया जाना है के सम्बन्ध में अलग से प्रशासनिक निर्णय लिये जाने का निर्णय किया गया।

28/6 परीक्षा शुल्क आगामी परीक्षा हेतु स्थानांतरित करने सम्बन्धी प्रस्ताव ।

बिंदु पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए एक समिति प्रो0 एम0डी0अग्रवाल के संयोजक्तव में गठित किये जाने का निर्णय लिया गया जिसमें प्रो0 अनाम जेटली डा0 एच0बी0नंदवाना,डा0 आर0 के जैन निदेशक क्षेत्रीय केन्द्र जोधपुर ,वित्त अधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक को सम्मिलित किया गया।उक्त कमेटी द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को बिना परीक्षा शुल्क के परीक्षा का एक अवसर प्रद्वत किये जाने व विलंब शुल्क कम करने, प्रवेश फार्म के स्थान पर अलग से परीक्षा फार्म भिजवाये जाने आदि समस्त बिंदुओं पर विश्वविद्यालय को प्राप्त होने वाले राजस्व व नई व्यवस्था से प्राप्त होने वाले राजस्व का तुलनात्मक अध्ययन तथा नई व्यवस्था से उत्पन्न होने वाली संभावित कठिनाइयों आदि के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से विचार विमर्श कर अपनी अभिशंसा माननीय कुलपति महोदय को प्रस्तुत की जावेगी।

28/7 ऑतरिक मुल्यॉकन के अंको का वेटेज़ कम किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव।
उक्त बिंदु पर विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया गया कि ऑतरिक मुल्यॉकन के अंकों का वेटेज पुर्वानुसार ही रखा जाय परंतु आंतरिक मुल्यॉकन सम्बन्धी प्रणालि के सम्बन्ध में निम्न निर्णय लिये गये:–

1. ऑतरिक मुल्यॉकन प्रस्तुत करने की अवधि प्रवेश फार्म में ही मुद्रित करवाई जावे उक्त अवधि सामान्यतः परीक्षा प्रारंभ होने के एक माह पुर्व होनी चाहिये ,जो कि 21 नवंबर एवं 15 मई रखी जा सकति है।
2. जिन पाठ्यक्रमों में कम विद्यार्थी है तथा ऑतरिक मुल्य्यॉकन की उत्तर पुस्तिकाऐं कम आती है एसे विषयों के ऑतरिक मुल्यॉकन की पुस्तिकाओं का मुल्यॉकन विश्वविद्यालय में कार्यरत संकाय के माध्यम से करवाया जावे।
3. ऑतरिक मुल्यॉकन को जॉच हेतु भिजवाने, मुल्यॉकनकर्ता से प्राप्त करने एवं आंतरिक मुल्यॉकन के प्राप्तॉक परीक्षा अनुभाग में भिजवाने के सम्बन्ध में एक नियत समय तय किया जावे जिसकी पालना क्षे0के0 स्तर पर आवश्यक रूप से की जावे।
4. सम्बन्धित क्षे0के0के निदेशक उनके यहॉ पंजीकृत छात्रों को समयबद्व कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध करवाते रहें।

28/8 पाठ्यक्रम पूर्ण करने पर प्रदान की जाने वाली ग्रेड एवं प्रतिशत का समतुल्य बनाने बाबत् प्रस्ताव।
उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में प्रो0 एम0डी0अग्रवाल ने अवगत करवाया कि ग्रेड एवं प्रतिशत के सम्बन्ध में पुर्व में ही समिति गठित की जा चुकी है अतः उक्त कमेटी द्वारा जो भी अनुशंसा प्रस्तुत की जावेगी उसे आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जावेगा। इस सम्बन्ध में यह भी निर्णय लिया गया कि ग्रेडिंग के सम्बन्ध में यदि संकाय सदस्य अपने कोई सुझाव देना चाहे तो कमेटी को प्रस्तुत कर सकते है।

28/9 छः माह की अवधि वाले पाठ्यक्रमों में ऑतरिक मुल्यॉकन व्यवस्था समाप्त करने बाबत् जारी किये गये कार्यालय आदेश सूचनार्थ।
विद्या परिषद द्वारा जारी किये गये आदेशों का अवलोकन किया गया ।

28/10 इंदिरा गॉधी रा0 मु0 वि0वि0 की भॉती विश्वविद्यालय में स्नातक स्तरीय एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में ऑतरिक मुल्यॉकन समाप्त करने व शेष पाठ्यक्रमों में एक ऑतरिक मुल्यॉकन कम करने बाबत् प्रस्ताव।
विद्या परिषद द्वारा प्रस्ताव पर विस्तृत विचार विमर्श कर निर्णय किया गया आतॅरिक मुल्यॉकन की जो व्यवस्था वर्तमान में विश्वविद्यालय में प्रचलित है उक्त व्यवस्था को लागु रखा जावे।
28/11 बी0ए0/बी0कॉम पाठ्यक्रम में इंदिरा गॉधी मु0वि0वि0 की तर्ज पर किये गये परिर्वतन सम्बन्धी आदेश सूचनार्थ।
विद्या परिषद द्वारास जारी किये गये आदेशों का अवलोकन कर आदेश को अनुमोदन किया गया।
28/12 इंदिरा गॉधी रा0 मु0 वि0वि0 की भॉती बी0 ए0/ बी0कॉम0 पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अवधि कम करने बाबत् प्रस्ताव।
विद्या परिषद द्वारा आगामी प्रवेश सत्र से बी0ए0/बी0कॉम0 पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अधिकतम अवधि इंदिरा गॉधी मु0वि0 के अनुसार कम किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

28/13 बी0एड0 छात्रों के ऑतरिक मुलयॉकन, प्रेक्टिस टीचींग एवं प्रेक्टिकल के अंक उपलबध नहीं होने की स्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने हेतु प्रस्ताव।
प्रस्तुत प्रस्ताव पर विद्या परिषद के सदस्यों द्वारा गंभीरतापूर्वक विचार विमर्श कर यह निर्णय लिया गया कि प्रस्ताव संख्या 28/01 में अनुपालना प्रतिवेदन को अनुमोदित करने के दौरान निणर्य संख्या 26/3 के तहत गठित समिति द्वारा ही इस विषय पर विचार विमर्श कर अपनी अनुशंसाऐं प्रस्तुत की जावें ताकि विद्या परिषद की आगामी बैठक में इस सम्बन्ध में किया जा सके।

28/14 एम0बी0ए0 एवं पी0जी0डी0आई0एम0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी पत्र निर्णयार्थ।
उक्त संदर्भ में विषय संयोजक द्वारा विद्या परिषद को अवगत करवाया कि खुले विष्वविद्यालयों में चूँकि सेवारत व्यक्तियों को ही एम0बी0ए0 के पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है इस कारण खुले विश्वविद्यालयों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र के अनुसार कार्यवाही किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है।

28/15 एम0बी0ए0पाठ्यक्रमों की समयावधि के सम्बन्ध में जारी आदेश सूचनार्थ।
उक्त सम्बन्ध जारी किये गये आदेश को वि0वि0 अधिनियम की धारा 8/4 के तहत उक्त आदेश जारी किया जाना मानते हुए अवलोकन कर अनुमोदित किया गया।

28/16 एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में ऋृणात्मक अंकों की कटौति प्रणालि समाप्त किये जाने बाबत् जारी किये गये आदेश का अवलोकन।
विश्वविद्यालय जारी किये गये आदेशों को विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 8/4 के तहत जारी किया गया मानते हुए विद्या परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।

28/17 अखिल भारतीय स्तर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रबंध पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को विश्वविद्यालय के प्रबंध पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षा से छूट दिये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव।

विद्या परिषद द्वारा इस सम्बन्ध में निर्णय किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा सेवारत व्यक्तियों को ही प्रबंध पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है जबकि अखिल भारतीय संस्थाओं द्वारा नवीन छात्रों को प्रबंध पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु परीक्षाऐं आयोजित करवाई जाती है इस कारण विश्वविद्यालय में वर्तमान प्रचलित व्यवस्था के अनुसार ही प्रबंध पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाय।

28/18 रक्तदान करने वालों को प्रोत्साहन करने हेतु ऑतरिक मुलयॉकन अंकों में पॉच प्रतिशत की छूट दिये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव।
उक्त प्रस्ताव पर विद्या परिषद विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि किसी भी तरह के शैक्षिक पाठ्यक्रम में इस तरह का प्रावधान किया जाना उचित नहीं है।

28/19 बैचलर एवं आफ ट्रान्सपोर्ट सिस्टम एवं लोजेकटिक मैनजमेंट पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु एम0ओ0यु0 का प्रारूप अवलोकन एवं अनुमोदनार्थ।
इस सम्बन्ध में प्राप्त प्रस्ताव का विस्तृत रूप से अध्ययन व परीक्षण कर आगामी बैठकों में प्रस्तुत किया जावेगा।

28/20 हिन्दी माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा स्वंय के स्तर पर बी0ए0/बी0कॉम0 पाठ्यक्रम विकसित करने सम्बन्धी प्रस्ताव।
इस प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करते हुए यह निर्णय किया गया कि इस सम्बन्ध में सभी संकाय निदेशकगणों को प्रस्तावानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया जावे।

28/21 गौ विज्ञान तकनीक प्रबंधन विषय पर डिप्लोमा प्रारंभ करने बाबात् प्रस्ताव।
उक्त कम में प्राप्त प्रस्ताव को अध्ययन करने हेतु प्रो0 अनाम जेटली, प्रो0 पी0के0शर्मा एवं श्री राकेश शर्मा की एक समिति गठित की गई जो कि प्रस्ताव का परीक्षण कर में अपनी रिपोर्ट विद्या परिषद के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

28/22 "Gandhian Nonviolent Conflict Resolution"पर प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम विकसित करने बाबत् प्रस्ताव।
विद्या परिषद द्वारा अब तक की गई कार्यवाही का अवलोकन कर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का अनुमोदन किया गया ।

28/23 विदेशी छात्रों को विश्वविद्यालय में प्रवेश दिये जाने बाबत् जारी किये गये आदेशों का अवलोकन ।
विद्या परिषद द्वारा जारी किये गये आदेशों का अवलोकन किया गया।

28/24 विभिन्न विद्यापीठों से प्राप्त नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने, पाठ्यक्रमों को अपडेट करने व प्रारंभ किये गये पाठ्यक्रमों के अनुमोदन बाबत् प्रस्ताव।
उक्त प्रस्तावों पर विचार विमर्श करने से पुर्व प्रो0 एम0डी0अग्रवालद्वारा यह सुझाव प्रस्तुत किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा जो भी नये पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जावें वे विद्या परिषद की पुर्वानुमति से ही प्रारंभ किये जावे इस पर माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद को आश्वस्त किया कि भविष्य में जनवरी व जून में विद्या परिषद की दो बैठकें आवश्यक रूप से आयोजित की जावेंगी इसके अलावा यदि कोई नये प्रस्ताव प्राप्त होते है तो विद्या परिषद की अतिरिक्त बैठकें भी आयोजित की जायगी। माननीय कुलपति महोदय ने यह भी कहा कि प्रतिवर्ष 31 मार्च तक विभिन्न संकाय सदस्य उनके संकाय में प्रारंभ किये जाने वाले नवीन पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध मे प्रस्ताव आवश्यक रूप से प्रस्तुत कर दें इसी तरह नये पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने से पुर्व सभी संकाय सदस्यों को पत्र

लिखकर सुझाव आमंत्रित किये जावें तत्पश्चात् विद्यापीठवार प्रारंभ किये गये नवीन पवाठ्यक्रम एवं अपडेट किये जाने सम्बन्धी प्रसतावों पर विचार विमर्श कर निम्नानुसार निर्णय लिये गये:–

1. वाणिज्य एवं प्रबंध विद्यापीठ के समस्त पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 8/4 के तहत स्वीकृति में मानते हुए प्रारंभ किये गये पाठ्यक्रमों का अनुमोदन किया गया।

2. मानविकी एवं सामाजिक विद्यापीठ के प्राकृत भाषा प्रमाण पत्र एवं अपभ्रंष भाषा प्रमाण पत्रों को प्रारंभ करने का निर्णय किया गया एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को सैद्वान्तिक रूप से सहमति देते हुए निर्णय किया गया कि इन्हें फिलहाल स्थगित रखा जावे।।
राजस्थानी भाषा एवं संस्कृति में डिप्लोमा पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई इस क्रम में माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद को अवगत करवाया कि राजस्थानी भाषा में परामर्षदाता की नियुक्ति कर दी गई है अतः उक्त पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही सम्बन्धित परामर्षदाता द्वारा ही की जावेगी।

विद्या परिषद की बैठक के दौरान जनसंख्या से सम्बन्धित निम्नलिखित कार्यक्रमों पर चर्चा की गई:–

1. जनसंख्या अध्ययन में प्रमाण पत्र कार्यक्रम।
2. जनसंख्या अध्ययन में डिप्लोमा कार्यक्रम।
3. जनंसख्या प्रबंध में प्रमाण पत्र /डिप्लोमा कार्यक्रम ।

उपरोक्त कार्यक्रमों के बारे में चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि समस्त पाठ्यक्रमों को सैद्यान्तिक रूप से सहमति दी जाती है,लेकिन अभी केवल प्रमाण पत्र कार्यक्रम ही प्रारंभ किये जाय।"

सामाजिक कुरितियॉ नशा उन्मूलन के पुर्व प्रस्तावित पाठ्यक्रम "सामाजिक कुरितियॉ–नशा उन्मूलन एवं महिला सशक्तिकरण (राजस्थान के विशेष संदर्भ में) के स्थान पर विषय संयोजक के प्रस्तावानुसार " राजस्थान की सामाजिक समस्याऐं कारण एवं निवारण विषय" रखे जाने का निर्णय कर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

पाठ्यक्रम अद्यतन करने सम्बन्धित प्रस्तावों के तहत एम0 ए0 अर्थषास्त्र के पाठ्यक्रम को अद्यतन करने की स्वीकृति दी गई इसी प्रकार सी0सी0टी0 एवं डी0सी0सी0टी पाठ्यक्रम को अद्यतन करने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

3. विज्ञान एवं तकनिकी विद्यापीठ द्वारा प्रस्तावित दोनों नवीन पाठ्यक्रमों पी0जी0डी0सी0ए0 तथा मल्टीमीडिया एवं कार्मिशियल आर्ट में प्रमाण पत्र सम्बन्धि पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि दोनों प्रस्तावों का विषय विशेषज्ञों से पुनः परीक्षण करवाया जा कर आगामी बैठक में रखा जावे। तथा प्रारंभ किये गये तीनों पाठ्यक्रमों प्रसूति विद्या में छ माह का पाठ्यक्रम, होम्योपैथिक एवं मेडीसीन में छ माह का पाठ्यक्रम एवं एच0 आई0वी0 एवं परिवार शिक्षा में प्रमाण पत्र को 8/4 के तहत प्रारंभ किया हुआ माना जाकर अनुमोदित किया गया ।

4. सतत् शिक्षा विद्यापीठ द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्तावों को विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 8/4 के तहत स्वीकृत मानते हुए अनुमोदित किया गया :–
1. पत्रकारिता पाठ्यक्रमों को अद्यतन करने हेतु समिति का गठन।
2. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के स्नातकोत्तरी पाठ्यक्रम विकसित करने हेतु समिति गठन का प्रस्ताव।

3. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में डिप्लोमा कार्यक्रम में चार सप्ताह के प्रशिक्षण की अनिवार्यता को समाप्त किये जाने बाबत् माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन ।
4. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रवेश योग्यता में किये गये आंशिक संशोधन ।
5. महिलाओं में वैद्यानिक बोध कार्यक्रम ।

28/25(1) तृतीय दीक्षॉत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों की सूची एवं गत बैठक के बाद उर्त्तीण परीक्षार्थियों को उपाधि प्रदान किये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय को आधिकृत किये जाने बाबत् प्रस्ताव।
स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने वाले परीक्षार्थीयों की सूची का अवलोकन कर प्रस्तावानुसार गत बैठक के पश्चात सफल अभ्यार्थियों को उपाधि प्रदान किये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय का अधिकृत किया गया ।

28/25(2) एम0फिल0पाठ्यक्रम प्रारंभ करने बाबत् प्रस्ताव।
प्रस्तावानुसार अर्थशास्त्र,इतिहास एवं राजनीति विज्ञान विषय में एम0फिल पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

28/25/(3) शिक्षा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने बाबत् प्रस्ताव।
विभागाध्यक्ष शिक्षा द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावानुसार शिक्षा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने एवं पाठ्यक्रम निर्माण समिति के गठन को हेतु आगामी कार्यवाही किये जाने के लिये विभागाध्यक्ष शिक्षा को आधिकृत किया गया।

28/25(4) विद्यापीठ की वर्तमान व्यवस्था को स्थगित कर निदेशक संकाय की व्यवस्था किय जाने बाबत् प्रस्ताव।
प्रस्तुत प्रस्ताव पर विद्या परिषद द्वारा गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए प्रस्तावानुसार वर्तमान में स्थापित विद्यापीठ सम्बन्धित व्यवस्था को स्थगित कर समस्त रिक्त शैक्षिक पदों पर नियुक्ति तक पुर्व स्थापित व्यवस्था "निदेषक संकाय" की व्यवस्था को लागु करने सम्बन्धि प्रस्ताव का अनुमोदन कर अग्रिम कार्यवाही हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

28/25(5) विद्या परिषद की 27वीं बैठक के निर्ण्य सं,या 27/11 के तहत डा0 करण सिंह के शोध कार्यो के सम्बन्ध में डाले गये नोट में संशोधन बाबत् प्रस्ताव।
प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए डा0 करण सिंह के निर्देशन में शोध कार्य करने वाले छात्र श्री राकेश शर्मा के शोध कार्यो में नकल नहीं पाये जाने के कारण उपाधि जारी किये जाने का निर्णय करते हुए अर्थशास्त्र विभाग के शोधार्थी श्री ओम प्रकाश द्वारा किये गये शोध " हरियाणा प्रांत में ग्रामीण जीवन में जनसहभागिता पर अध्ययन" को उपाधि जारी नहीं किये जाने का निर्णय किया गया।

28/25(6) वर्ष 2006 से गॉधी विषय पर व्याख्यानमाला आयोजित करने सम्बन्धी प्रस्ताव।
व्याख्यानमाला आयोजित करने सम्बन्धित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

28/25(7) बी0ए0 में चयनित विषय के रूप में उर्दू पाठ्यक्रम सम्मिलित किये जाने बाबत् प्रस्ताव।

बी0 ए0 में प्रश्न पत्र जोड़ने के स्थान पर उर्दू में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम विकसित किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव लेते हुए उदू पाठ्यक्रम निर्माण समिति के सदस्य सचिव को आवष्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया।

माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद के सदस्यों को अवगत करवाया कि विश्वविद्यालय द्वारा 6 वर्ष के बाद 1/12/06 को आयोजना मंडल की बैठक आयोजित की गई हैउक्त बैठक में विशविश्वविद्यालय द्वारा राज्य सरकार को प्रेषित 11वीं पंचवर्षीय योजना, दूरस्थ शिक्षा परिषद को अनुदान हेतु प्रेषित प्रस्ताव व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनुदान प्राप्त करने के सम्बन्ध में विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत विचारविमर्श एवं चर्चा के साथ साथ नोलेज बेस विश्वविद्यालय की अवधारणा विश्वविद्यालय विकास हेतु राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थाओ से सहयोग के सम्बन्ध में विचार विमर्श राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद्वों की सेवाऐं कंसलटेंट के रूप में लेने तथा विश्वविद्यालय को आनलाइन युनिर्वसिटी के रूप में विकसित करने के साथ साथ विभिन्न नये पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया है जिसमें से पी0जी0डी0सी0ए0 ,समाजशास्त्र,इंगलिश,एवं एप्लाईड सोशियोलोजी में स्नात्तकोतर फंक्शनल इंगलिश में प्रमाण पत्र कृषि क्षेत्र में विभिन्न पाठ्यक्रम, एवं राजस्थान प्रशासनिक एवं अधीनस्थ सेवाओं में चयनित अभ्यार्थी जिन्हें हरिषचन्द्र माथुर लोक प्रषासन प्रशिक्षण संस्थान जयपुर में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है के लिये लोक प्रशासन में स्नात्तकोतर सम्बन्धी पाठ्यक्रम तथा विधि प्राधिकरण जयपुर द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के सम्बन्ध में पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने के बाबत् निर्णय लिये गये। माननीय कुलपति महोदय ने यह भी अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में गॉधी अध्ययन केन्द्र की स्थापना का प्रस्ताव भी विचाराधीन है साथ ही यु0जी0सी0के सहयोग से दलित अध्ययन केन्द्र की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव भी लिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2010 से 2015 तक का विजन डोक्युमेंट भी तैयार करवाया जावेगा । माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद को यह भी अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत शैक्षिक एवं अशैक्षिक संवर्ग के अधिकारियों एवं कार्मिकों के लिये स्टाइड के माध्यम से प्रषिक्षण दिलवाये जाने की कार्यवाही भी की जायगी जिसमें विभिन्न विषयोंके विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जावेगा।

28/25(8)पॉच शोध छात्रों हेतु दीक्षा कार्यक्रम के अनुमोदन बाबत् प्रस्ताव।
प्रस्तुत दीक्षा कार्यक्रम का अनुमोदन किया गया।

28/25(9) पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के स्नातकोत्तर कार्यक्रम की सी0डी0सी0की बैठक का कार्यवाही विवरण एवं कार्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति बाबत् प्रस्ताव अनुमोदानार्थ।

विद्या परिषद द्वारा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के स्नातकोत्तर कार्यक्रम अभिकल्प समिति की संलग्न अनुशंसाओं एवं प्रस्तुत विस्तृत कार्यक्रम का अवलोकन कर उक्त विषय में स्नातकोत्तर कार्यक्रम को प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की।
शेष कार्यवाही विवरण को यथावत रखा गया ।

तत्पश्चात् आसन के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक समपन्न घोषित की गई।

कुलसचिव
एवं सदस्य सचिव
विद्या परिषद

विद्या परिषद् की 29वीं बैठक दिनॉक 5/3/07 को ई0एम0पी0सी0भवन में आयोजित की गई बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:–

1. प्रो0 नरेश दाधीच — अध्यक्ष
   कुलपति
   वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा ।

2. प्रो0सी0के0ओझा — सदस्य
   सेवानिवृत आचार्य
   राज0वि0वि0,जयपुर।

3. प्रो0प्रवीण त्रिवेदी
   आचार्य — सदस्य
   राजस्थान वि0वि0,जयपुर।

4. डा0श्रीमती अनुराधा देशमुख — सदस्य
   यशवंत रा0च0म0ओ0यु0नासिक।

5. प्रो0 एम0डी0 अग्रवाल — सदस्य
   वमखुविवि,कोटा ।

6. प्रो0 पी0के0शर्मा — सदस्य
   वमखुविवि,कोटा ।

7. प्रो0 अनाम जेटली — सदस्य
   वमखुविवि,कोटा ।

8. प्रो0 एम0के0घड़ोलिया — सदस्य
   वमखुविवि,कोटा ।

9. डा0 श्रीमती कमलेश शर्मा — सदस्य
   वमखुविवि,कोटा ।

10. डा0 एल0आर0गुर्जर — सदस्य
    वमखुविवि,कोटा।

11. डा0 श्रीमती दामिना चौधरी — सदस्य
    वमखुविवि,कोटा।

12. श्री योगेश शर्मा — सदस्य
    वमखुविवि,कोटा ।

13. श्री जुगल किशोर शर्मा — सदस्य
    वमखुविवि,कोटा ।

14. डा0 अशोक शर्मा — सदस्य
वमखुविवि,कोटा ।

15, डा0 याकुब अली — सदस्य
वमखुविवि,कोटा ।

16. डा0 एच0बी0नंदवाना — सदस्य
वमखुविवि,कोटा ।

17 डा0 आर0के0जैन — सदस्य
वमखुविवि,कोटा ।

18. श्री सुधीर खैर — सदस्य
वमखुविवि,कोटा ।

19. डा0 श्रीमती शिप्रा लवानिया — सदस्य
निदेशक,क्षे0के0
वमखुविवि,,जोधपुर ।

20. डा0 एस0एन0अंबेडकर — सदस्य
वमखुविवि,कोटा ।

21. श्री एस0एम0वर्मा — सदस्य सचिव
कुलसचिव
वमखुविवि,कोटा।

आवश्यक गणापूर्ति के उपरांत बैठक प्रारंभ करने की घोषणा करते हुए सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद की 29वीं बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हए बताया कि माह दिसंबर 2006 में आयोजित 28वीं विद्या परिषद की बैठक में विद्या परिषद की नियमित बैठक आयोजित किये जाने सम्बन्धी निर्णय के क्रम में आज की बैठक का आयोजन तीन माह की अवधि में ही किया गया है। माननीय कुलपति महोदय ने सदस्यों को अवगत करवाया कि विश्वविद्यालय द्वारा माह जुलाई 2007 से कई नये पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जा रहे है,जिनके सम्बन्ध में प्रारंभिक तैयारियॉ पूर्ण कर ली गई है, तथा आज की बैठक मे भी उक्त पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की जावेगी । माननीय कुलपति महोदय ने विद्या परिषद मे मनोनीत किये गये तीन नये शिक्षाविद्वों सर्व श्री प्रो0 प्रवीण त्रिवेदी,राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, श्री प्रो0सी0के0ओझा सेवानिवृत आचार्य राज0वि0वि0 जयपुर एवं डा0 श्रीमती अनुराधा देशमुख य0रा0च0महा0ओ0यु0नासिक का स्वागत करते हुए विद्या परिषद की बैठक में उपस्थित होने के लिये आभार व्यक्त किया तत्पश्चात् बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए प्रस्तुत प्रस्ताव पर बिंदुवार चर्चा प्रारंभ कर निम्नानुसार निर्णय किये गये:-

29/01 विद्या परिषद की 28 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।

विद्या परिषद की 28 वीं बैठक दिनॉक 4/12/06 के मूल कार्यवाही विवरण जो दिनांक 14/12/06 को प्रेषित किया था पर सदस्यों से प्राप्त अभिमत के आधार पर जारी किये गये संशोधित आदेश दिनांक 17/1/07 का विद्या परिषद के सदस्यों द्वारा अवलोकन करने के बाद विद्या परिषद की 28वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

29/02 विद्या परिषद 28 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों के कम में अनुपालना प्रतिवेदन के अनुमोदन बाबत् प्रस्ताव।

विद्या परिषद की 28 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों के कम में की गई कार्यवाही का बिंदुवार अवलोकन कर यह अभिमत व्यक्त करते हुए निर्णय किया गया कि पिछली बैठक में जितनी भी समितियों का गठन किया गया है उन समितियों के संयोजकगण समिति की अभिशंसाएं आगामी बैठक से पूर्व प्रस्तुत करें साथ ही यह भी निर्णय किया गया कि समिति के सदस्य सचिवगणों को भी समिति की बैठक अविलंब आयोजित करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु कुलसचिव कार्यालय से भी पत्र जारी किया जावे। तथा जिन समितियों में सदस्यों का मनोनयन अन्य अधिकारियों द्वारा किया जाना है उन्हें भी पुनः स्मरण पत्र लिखा जाकर सदस्यों का मनोनयन करने हेतु निवेदन किया जावे तत्पश्चात 28वीं बैठक में लिये गये निर्णय के कम में की कार्यवाही के संबंध में प्रस्तुत अनुपालना प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया।

29/3 कंप्युटर ऐप्लीकेशन में पी0जी0डिप्लोमा पाठ्यकम प्रारंभ करने का प्रस्ताव।

कंप्युटर ऐप्लीकेशन में पी0जी0डिप्लोमा पाठ्यकम प्रारंभ करने बाबत् प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव का अवलोकन कंर निर्णय किया गया कि उक्त पाठ्यकम प्रारंभ किये जाने के सम्बन्ध में एक अध्यादेश तैयार किया जावे जिसमें पाठ्यकम का विस्तृत विवरण, व अन्य सभी बातों का समावेश हों उक्त अध्यादेश आगामी बैठक से पुर्व तैयार कर आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जावे । उक्त प्रस्ताव को आगामी बैठक हेतु स्थगित किया गया।

29/4 पोलट्री(कुक्कट पालन) प्रबंध पर पाठ्यकम प्रारंभ करने बाबत् प्रस्ताव।

पोलट्री(कुक्कट पालन) प्रबंध पर पाठ्यकम प्रारंभ करने के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव का अवलोकन कर निर्णय लिया गया कि उक्त पाठ्यकम का भी अध्यादेश तैयार किया जावे जिसमें पाठ्यकम के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण व अन्य सभी बातों का समावेश हो। उक्त प्रस्ताव को आगामी बैठक हेतु स्थगित किया गया।

29/05 स्नातक पाठ्यकमों (बी0ए0/बी0कॉम)में एलीमेंट्री कंप्यूटर का प्रश्न पत्र प्रारंभ करने बाबत् प्रस्ताव।

स्नातक पाठ्यकमों बी0ए0/बी0कॉम0 एलिमेंट्री ऐप्लीकेशन का प्रश्न पत्र प्रारंभ करने के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए निर्णय किया गया कि उक्त प्रश्न पत्र बी0ए0/बी0कॉम के द्वितीय वर्ष में लागू किया जावे।
बैठक में भविष्य के लिये यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी नया पाठ्यकम प्रारंभ करने सम्बन्धी प्रस्ताव पाठ्यकम संयोजक द्वारा निदेशक संकाय को प्रस्तुत किया जायगा तथा निदेशक संकाय द्वारा प्राप्त प्रस्ताव का पूर्ण परीक्षण करने के बाद विद्या परिषद की बैठक हेतु

आवश्यकतानुसार प्रस्ताव तैयार कर बैठक में प्रस्तुत करवाने हेतु कुलसचिव कार्यालय को अग्रेषित किया जावेगा ।

29/06 एम0फिल0 पाठ्यक्रमों हेतु आर्डिनेंस अनुमोदनार्थ।

विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों में प्रारंभ किये जाने वाले एम0फिल0 पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गये अध्यादेश पर विस्तृत चर्चा के बाद सुझाये गये आवश्यक संशोधनों के बाद संलग्न अध्यादेश का अनुमोदन किया गया ।

29/07 एम0फिल0 अर्थशास्त्र एवं बी0ए0 कार्यक्रम हेतु पाठ्यक्रम विकास समिति के गठन बाबत् प्रस्ताव।

एम0 फिल अर्थशास्त्र एवं बी0ए0कार्यक्रम हेतु गठित पाठ्यक्रम विकास समिति के आदेश का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया ।
बैठक में एजेण्डे वार चर्चा व निर्णय करने के बाद माननीय कुलपति (अध्यक्ष विद्या परिषद) महोदय की अनुमति से प्रो0 अनाम जेटली जिनके पास निदेशक संकाय का कर्यभार भी है के द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा माह जुलाई 2007 में प्रारंभ किये जाने वाले नवीन पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित निम्नलिखित प्रस्ताव टेबल ऐजेंडा के रूप में प्रस्तुत किये गये जिन पर विद्या परिषद द्वारा निम्नानुसार निर्णय लिये गये।

29/8(1) प्राकृत भाषा प्रमाण पत्र एवं अपभ्रंश भाषा में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम का सिलेबस एवं पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति बाबत् प्रस्ताव।
प्राकृत भाषा प्रमाण पत्र एवं अपभ्रंश भाषा में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम सम्बन्धी सिलेबस व अन्य बिंदुओं का अवलोकन कर सैद्धान्तिक रूप से माह जुलाई–2007 से पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति दी गई परंतु उक्त पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत अध्यादेश पृथक से तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये ।

विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में ली जाने वाली फीस के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि ली जाने वाली फीस की समीक्षा हेतु प्रो0 एम0डी0अग्रवाल के संयोजकत्व में एक कमेटी गठित की जावे जिसमें अन्य सदस्य प्रो0पी0के0शर्मा, प्रो0 अनाम जेटली, प्रो0 एम0के0 घड़ोलिया एवं प्रो0 सी0के0ओझा को रखा जाकर कमेटी का सदस्य सचिव उपकुलसचिव प्रवेश का बनाया जावे। उक्त समिति अपनी रिपोर्ट 25 मार्च 2007 से पूर्व आवश्यक रूप से कुलपति महोदय को प्रस्तुत करेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समिति द्वारा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की फीस सरंचना का अनुमोदन वित्त समिति की बैठक में भी करवाया जावे।

29/8(2) विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित स्नातक पाठ्यक्रमों(बी0एस0सी0, बी0कॉम0 एवं बी0ए0) के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एवं पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव अनुमोदनार्थ।

प्रस्ताव के क्रम में प्रो0 अनाम जेटली द्वारा पटल पर रखे गये दस्तावेजों के आधार पर विद्या परिषद द्वारा विज्ञान,कला एवं वाणिज्य के स्नातक पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्णय लिये गये:–

1. बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने के सम्बन्ध में प्रो0 अनाम जेटली, निदेशक संकाय ने अवगत कराया कि विश्वविद्यालय द्वारा माह जुलाई 2007 से बी0एस0सी0 पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है इस सम्बन्ध में अब तक हुई कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए

बताया गया कि विशेषज्ञ समिति की बैठक दिनॉक 4 जनवरी 2007 को आयोजित कर ली गई है साथ ही विषयवार विषय विशेषज्ञ एवं विभिन्न विषयों में होने वाले पेपर्स का निर्धारण भी कर लिया गया है तथा बी0एस0सी0पाठ्यक्रम के सम्बन्ध में विस्तृत अध्यादेश भी बना लिया गया है। प्रस्तुत किये प्रस्ताव पर विस्तृत रूप से चर्चा करने के बाद बी0एस0सी0पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने की सहमति जताते हुए विशेषज्ञ समिति तथा विषय विशेषज्ञ समिति का अनुमोदन करते हुए बी0एस0सी0पाठ्यक्रम के अध्यादेश में आवश्यक संशोधनों के पश्चात् अध्यादेश अनुमोदित किया गया।

